VARDHMAN NEWS™ VN NEWS पढ़मं नाणं तओ दया BEAWAR (RAJ.)

वर्द्धमान News

Digital Edition — शिक्षा का उजियारा

वर्ष 01 अंक 04 | ब्यावर, 05 मार्च 2025, बुधवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | पृष्ठ : 04 | मूल्य : निःशुल्क



दीपांजलि शर्मा बनी मिस वर्द्धमान 2025

वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज में फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित



वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। रंग बिरंगी भारतीय परिधान साड़ियों से सुसज्जित वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज की सीनियर स्टूडेंट्स तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध की छात्राओं का फेयरवेल यादें-2025 का आयोजन रखा गया। सीनियर वर्ग में समस्त संकाय की लगभग 250 छात्राओं की ढोल की थाप के साथ झूमते गाते हुए धमाकेदार तरीके से हुई। वर्द्धमान ऑडिटोरियम के वातानुकूलित हॉल में आयोजित कार्यक्रम में प्रवेश द्वार पर प्रथम, द्वितीय एवं स्नातकोत्तर पूवार्द्ध की छात्राओं द्वारा तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध की छात्राओं का तिलक वंदन एवं वर्द्धमान स्मृति चिन्ह स्वरूप बैच लगाकर अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का आगाज श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा, अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने माँ सरस्वती की छवि के समक्ष आराधना करके किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने छात्राओं को संबोधित करते बताया कि परीक्षा को लेकर गंभीर होने की तो जरूरत है पर इसको लेकर तनाव में न रहे। तनावमुक्त परीक्षा देने पर सफलता और अंक दोनो ही अच्छे मिलते है। मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि बेटिया पढ़ेगी, तभी देश आगे बढ़ेगा। हम कामना करते हैं कि आप जीवन के जिस क्षेत्र में भी रहे, वहां प्रगति की मिसाल बनकर निखरे।



छात्राओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में पुराने एवं नये गानो पर ताल से ताल मिलाकर मनमोहक प्रस्तुतियां देते हुए सोलो डांस एवं ग्रुप डांस द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मिस वर्द्धमान 2025 के खिताब के लिए समस्त संकाय की सीनियर स्टूडेंट्स के लिए म्यूजिकल रैम्प वॉक, इंट्रोडक्शन और क्रेश्चन आंसर राउड रखा गया जिसमें कॉलेज की लगभग 250 सीनियर गर्ल्स ने पार्टिसिपेट किया। इस बार मिस वर्द्धमान का खिताब बीसीए की दीपाजंली शर्मा ने प्राप्त किया। प्रथम रनर-अप बीसीए की खुशी बिहानी एवं द्वितीय रनर-अप हंसा काठात रही। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका डॉ. सुनीता चुण्डावत एवं सीएस डॉ सरला शर्मा ने निभाई।

अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने विजेता छात्राओं को ताज एवं विनर दुपट्टा पहनाकर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

Farewell 2k25 Best Moments...























वर्द्धमान रूट्स में स्पीच कॉम्पिटिशन एवं योगा कार्यक्रम





वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल वर्द्धमान रूट्स में एच.के.जी. के बच्चों के लिए स्पीच कॉम्पीटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें अधिक संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसका विषय था मेरा पंसदीदा टी. वी. कार्यक्रम, खाना, जानवर, यात्रा, सुपर हीरो, व्यक्ति रखा गया। बच्चों के लिए योगा कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें रविन्द्र राठोड़ ने बच्चों को योगा सिखाया। श्रीमती जयश्री जांगिड़ ने बच्चों को योग के अनेक फायदे बताए। विद्यालय के श्रेष्ठ विद्यार्थियों के उत्कृष्टता, खेल उत्कृष्टता, और योग उत्कृष्टता के अन्तर्गत विभिन्न पदक और प्रमाण पत्र दिए गए। प्राचार्या श्रीमती श्वेता नाहर को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों हेतु फेडरेशन द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। अन्त में प्राचार्या श्वेता नाहर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



ग्रामीण अंचलो से छात्राओं की विजिट...





महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल (इंग्लिश मीडियम) जवाजा की छात्राओं ने वर्द्धमान फैशन डिजाइनिंग एण्ड मेकअप आर्टिस्ट विंग परिसर में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत औद्योगिक भ्रमण किया एवं संचालित कोर्स की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

जिले का सबसे अग्रणी शिक्षण संस्थान... भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय

वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय, ब्यावर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शैक्षणिक सामाजिक, सांस्कृतिक, खेलकूद व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित किया जाता रहा है।

सत्रांरभ में विद्यालय में नवागंतुक विद्यार्थियों का अभिनंदन भारतीय परंपरा अनुसार तिलक, मोली, चॉकलेट व ग्रीटिंग कार्ड के साथ हर्षोल्लास से किया जाता है। विद्यालय में प्रतिदिन प्रात: आकर्षक व ज्ञानवर्धक संगीतमय प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाता है, जिसमें प्रत्येक हाऊस के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को मंच पर आने हेतु प्रेरित किया जाता है। प्रार्थना सभा में संगीतमय नवकार मंत्र व ईश वंदना का सस्वर गायन किया जाता है साथ ही सभा के दौरान अंग्रेजी शब्दावली का ज्ञान, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी व देश-विदेश के दैनिक मुख्य समाचारों से अवगत करवाया जाता है। जिस दिन जिन विद्यार्थियों का जन्मदिन होता है उन्हें प्रार्थना सभा में मंच पर आमंत्रित कर सुमधुर गायन के साथ जन्मदिन की शुभकामनाए दी जाती है।


प्राचार्य श्री धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास हेतु सत्र आरंभ से ही प्रत्येक शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है। विद्यार्थियों के मानसिक विकास हेतु विज्ञान प्रश्नोत्तरी, हिन्दी व अंग्रेजी निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, संस्कृत भाषा के ज्ञान हेतु श्लोक प्रतियोगिता, नन्हें मुन्नों के लिए कविता वाचन व कहानी सुनाओ प्रतियोगिता एवं साथ ही भारत को जानो, भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता, सुलेख इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है।

विद्यार्थियों के शारीरिक व बौद्धिक विकास हेतु खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, हैण्डबॉल, क्रिकेट, डॉज बॉल, शतरंज तथा नन्हें-मुन्नों के लिए जलेबी रेस, स्टोन रेस, बैग रेस, बाधा दौड़ इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है, साथ ही विद्यार्थियों में एकता सद्भावना जाग्रत करने हेतु मैराथन व 400 मीटर दौड़ का भी आयोजन होता है। विद्यालय से प्रतिवर्ष जूडो, कुश्ती, हैण्डबॉल व शतरंज जैसी खेल-कूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय का परचम लहराया है। विद्यालय में इंडोर गेम की व्यवस्था भी उपलब्ध है यहां विद्यार्थी खेलकूद कालांश में लूडो, कैरम, शतरंज एवं टेबल-टेनिस इत्यादि खेलों का आनंद उठाते है।





खेतपालिया स्किल डवलपमेंट सेंटर में संचालित
वर्द्धमान इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एण्ड मेकअप आर्टिस्ट







FASTFOOD
अनेक बीमारियों की जड़

वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ (नाज) में विद्यार्थियों ने लाइफ स्किल के तहत जीवन में न्यूट्रलाइजेशन रिएक्शन के महत्व पर आधारित एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को पीएच का स्तर, न्यूट्रलाइजेशन रिएक्शन और फायरमैन सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि कैसे पीएच स्तर और न्यूट्रलाइजेशन रिएक्शन का हमारे जीवन पर प्रभाव पड़ता है। विशेष रूप से, फास्टफूड का अत्यधिक सेवन बच्चों के शरीर में अम्लीयता का स्तर बढ़ाते है साथ ही बदलते मौसम की वजह से पीएच के असंतुलन से बच्चों में जी मचलना, उल्टी, थकान और आलस्य जैसी समस्याएँ पैदा हो रही है ड्ड साथ ही बच्चों में तनाव स्तर में वृद्धि भी होती है। बदलते मौसम के कारण होने वाली हीट एक्सहॉस्टन की समस्याओं को भी चर्चा का विषय बनाया गया. कार्यक्रम में बच्चों को पाचन समस्या और दांतों की सुरक्षा के उपायों के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा, फायरमैन सुरक्षा के तहत विभिन्न प्रकार के नॉट्स जैसे बाउलिन नॉट, फिगर ऑफ एट, रीफ नॉट, टॉट लाइन हिच, और ओवरहैंड नॉट की महत्वता को भी समझाया गया। इस तरह के इवेंट्स से बच्चों को जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए बहुत शिक्षाप्रद साबित हुआ और उन्होंने इससे काफी लाभ प्राप्त किया।

प्री-प्राइमरी की फ्रूट पार्टी
श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ



वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ में प्री-प्राइमरी कक्षा में फ्रूट पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने विभिन्न प्रकार के ताजे और रंग-बिरंगे फलों का चित्रण किया एवं उनके पोषण के महत्व के बारे में जाना।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को फल खाने के स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया गया। उन्हें यह समझाया गया कि फल हमारे शरीर को आवश्यक विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर प्रदान करते हैं, जो शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत बनाते हैं और हमें ताजगी और ऊर्जा प्रदान करते हैं। बच्चों को विशेष रूप से सेब, केले, संतरे, अनार और अंगूर जैसे फल खाने के फायदे बताए गए।

यह कार्यक्रम न केवल बच्चों के लिए आनंददायक था, बल्कि उनके स्वस्थ आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी मददगार साबित हुआ। बच्चों ने फ्रूट पार्टी का आनंद लिया और कई प्रकार के फल चखने के बाद उनकी पसंदीदा फल की पहचान भी की।

इस आयोजन से बच्चों में फल खाने की आदत को बढ़ावा मिलेगा और स्वस्थ जीवनशैली की ओर एक कदम और बढ़ सकेंगे। स्कूल प्रशासन ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।



श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित **श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ 'नाज'**, आईओसी के आगे, सेंदड़ा रोड़, ब्यावर



नाज जूनियर इको क्लब ने जाना वृक्षारोपण का महत्व
श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित

वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ 'नाज' में जूनियर वर्ग इको क्लब द्वारा विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पौधे लगाए और वृक्षारोपण के महत्व पर विशेष ध्यान आकर्षित किया।


कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों को वृक्षों के पर्यावरण पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों को यह समझाया गया कि वृक्षों से हमें शुद्ध वायु, ठंडक, जलवायु संतुलन और जैव विविधता की रक्षा मिलती है। इसके अलावा, वृक्षों की जड़ें मृदा को बांधने का कार्य करती हैं, जिससे मृदा अपरदन की समस्या को रोका जा सकता है।

विभिन्न पर्यावरण संबंधी गतिविधियों में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की, जिसमे विद्यार्थियों को गड्ढो को निर्माण, कचरे का पृथक्करण, खाद डलवाई और बीज बोये गए।

क्लब के सदस्यों ने पौधों की देखभाल और उन्हें संरक्षित करने के लिए विद्यार्थियों को विभिन्न उपाय भी बताए। विद्यार्थियों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और वृक्षों को संरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस पहल से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ी।

कार्यक्रम का समापन प्राचार्या निवेदिता पाठक द्वारा वृक्षारोपण के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने परिसर हराभरा रखने हेतु प्रतिबद्धता जाहिर की। इस पहल को लेकर अभिभावकों, विद्यार्थियों में अपार उत्साह दृष्टिगोचर हुआ।









वेडिंग-सीज़न में ब्राइडल-मेकअप

वर्द्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट

वर्द्धमान न्यूज़

ब्यावर। ब्राइडल मेकअप/दुल्हन का शृंगार एक बड़े एक्सपर्ट का कार्य होता है। वैसे तो इस मेकअप के लिए बड़े ही महंगे ब्यूटी पार्लर या मेकअप में एक्सपर्ट ब्यूटीशियन द्वारा ही संभव होता है।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज केम्पस में वर्द्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विंग की सीखने वाली स्टूडेंट ने कर दिखाया है।

शादियों के सीज़न को देखते हुए वर्द्धमान इंस्टिट्यूट ऑफ़ फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट की छात्राओ ने ब्राइडल मेकअप किया गया।

ब्राइडल डेमो एक प्री वेडिंग सेशन होता है, जिसमें दुल्हन को शादी के दिन की फाइनल लुक का अनुभव दिया जाता है। इसमें मेकअप, हेयर स्टाइल, ज्वेलरी और ड्रेस का परफेक्ट तालमेल देखा जाता है, ताकि शादी के दिन किसी तरह की परेशानी ना हो।

वर्द्धमान की छात्राओं को व्याख्याता छवि गरवाल, प्रियंका मंगरोला और नीलम खत्री ने ब्राइडल-मेकअप के अंतर्गत सही लुक का चयन, सही प्रोडक्ट का टेस्ट, हेयर और मेकअप का कॉम्बिनेशन, समय की बचत जैसी अनेक बातें सिखाई जाती है। मेकअप आर्टिस्ट की स्टूडेंट ने ब्राइडल मेकअप के अंतर्गत ट्रेडिशनल ब्राइडल मेकअप, एच डी मेकअप, मैट फिनिशिंग, डेली ग्लोविंग मेकअप, नेचुरल मेकअप, ग्लमोरस ब्राइडल मेकअप, शिमरी या ग्लीटरी मेकअप, रेड एंड गोल्ड मेकअप, स्मोकि ऑय मेकअप का अभ्यास किया।

वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज देखकर अभिभूत हुए पूर्व मुख्य सचिव निरंजन आर्य...

आर्य दम्पति ने किया कॉलेज परिसर का अवलोकन बोले महानगरों में भी नहीं है ऐसा केम्पस

वर्द्धमान को बताया क्षेत्र की युवतियों के लिए वरदान



वर्द्धमान न्यूज़

ब्यावर। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के स्टेट चीफ कमिश्नर और पूर्व मुख्य सचिव राजस्थान सरकार श्री निरंजन आर्य एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. संगीता आर्य सदस्य राजस्थान लोक सेवा आयोग का वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय में भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी.लोढ़ा, श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने श्री आर्य को दुपट्टा, माला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इसी क्रम में श्रीमती डॉ. संगीता आर्य का स्वागत महाविद्यालय अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने किया।

श्री आर्य ने बताया कि शिक्षा एक अनुपम साधना है इसके लिए ईमानदारी पूर्वक जितने प्रयास किये जायेंगे, आपको उतनी अधिक सफलता मिलेगी तथा महिला शिक्षा के बिना सशक्त समाज एवं किसी भी सभ्यता की कल्पना नहीं की जा सकती।

इसके पश्चात् पूर्व मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य एवं डॉ. संगीता आर्य ने महाविद्यालय में संचालित बीसीए, साइंस, योगा, म्यूजिक, फैशन डिजाइन एवं मेकअप आर्टिस्ट लैब्स, पुस्तकालय एवं वातानुकूलित कैम्पस आदि का अवलोकन कर संचालित पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा महिला शिक्षा, कौशल विकास तथा टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो की सराहना की।

राज्य लोक सेवा आयोग की सदस्या डॉ संगीता आर्य ने महानगरों के तर्ज़ पर आधुनिक सुख सुविधाओं युक्त महिला शिक्षा के इस संस्थान को अत्यन्त न्यूनतम शिक्षण शुल्क में संचालित करने हेतु प्रबंधन का आभार जताया।









